कार्यालय ज्ञापन संख्या :— 132—ज0स0 (विज्ञापन)/राविप/98—19—ज0स0/81 दिनांक 28.01.2011 का संलग्नक विज्ञापन आदेश का प्रारूप।

कार्यालय का नाम :—
व पूरा पता

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड —द्वितीय
उ0प्र0 पावर ट्रांस0 कारपोरेशन लि0
मझोला, मुरादाबाद।

(विज्ञापन आदेश)

संख्या 910 ई0टी0डी0— II, मु0(टी)/ दिनांक 09/10/2024

सेवा में,

1. विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दी दैनिक ' हिन्दुस्तान '
मुरादाबाद।

2. विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दी दैनिक ' अमर उजाला ' — तदैव —
दिल्ली रोड, मुरादाबाद।

महोदय,

1. कृपया संलग्नक विज्ञापन आपके प्रतिष्ठित दैनिक साप्ताहिक सामाचार पत्र में दिनांक 10.10.2024 अविलम्ब के अंक में कम स्थान में हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8—10 प्वाइंट टाईप में समाचार पत्र के केवल एक कॉलम में प्रकाशित करने की व्यवस्था है। हेडिंग, नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाईन में रनिंग के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें। कृपया एक बार ही प्रकाशन करने की कृपा करें।
2. स्थानीय प्रकृति की सूचनाएं जैसे बिजली बन्द करने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
3. प्रकाशन के बाद विज्ञापन शुल्क का बीजक मूल प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीद टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियाँ संलग्न करते हुए भुगतान हेतु अनु सचिव (जन सम्पर्क), उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ को/अद्योहस्ताक्षरी को जहाँ भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है, प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो—प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन सम्भव न होगा।
4. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार—पत्र में केवल हिन्दी भाषा में किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये। जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।
5. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बत एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अद्योहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
6. यदि आपको सूचना एवं सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृष्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें न हो, तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अद्योहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
7. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप मे "राष्ट्र हित में बिजली बचायें" का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश संख्या व दिनांक अदृष्य प्रकाशित करें।
8. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नकः—
1. विज्ञापन आदेश की प्रथम एवं द्वितीय प्रति।
2. विज्ञापन सामग्री।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड—द्वितीय,
मझोला, मुरादाबाद।

(मुहर:) अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय
उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, मुरादाबाद

संख्या : 910 ई0टी0डी0— II, मु0(टी)/ दिनांक 09/10/2024

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:—
1. अनुसचिवालय सम्पर्क, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, 14—अशोक मार्ग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, 130—डी, विक्टोरिया पार्क, पारेषण भवन, मेरठ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, विद्युत पारेषण मण्डल—प्रथम, मुरादाबाद।
4. खण्डीय लेखाकार/कैशियर, विद्युत पारेषण खण्ड—द्वितीय, मुरादाबाद।
5. फाईल।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड—द्वितीय,
मझोला, मुरादाबाद

(मुहर:) अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय
उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, मुरादाबाद

CamScanner

**उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड**

**ई–निविदा सूचना**

अनुभवी कार्यदायी संस्थाओ/आपूर्तिकर्ताओ से निम्न कार्यो हेतु अल्पकालीन ई–निविदा दिनांक–25.10.2024 को 13:00 बजे तक आर्नलाइन आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र शुल्क व धरोहर राशि को अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय मुरादाबाद कार्यालय के बैंक खाता संख्या 7107800519, इंडियन बैंक, दिल्ली रोड, बुद्धि विहार, मुरादाबाद (IFSC-IDIB000D566) में RTGS/NEFT/Direct Transfer के माध्यम से दिनांक 24.10.2024 के 24:00 बजे तक जमा कराना होगा। जमा की गई राशि का प्रमाण पत्र (Deposit Slip), निविदा प्रपत्र, पैन कार्ड, इनकम टैक्स रिर्टन, जी0एस0टी0 मे रजिस्ट्रेशन व अन्य प्रपत्रो की स्वंय प्रमाणित छायाप्रति एंव तकनीकी अनुभव निविदा के प्रथम भाग मे केवल आर्नलाइन ही स्वीकार होगे। निविदा के द्वितीय भाग मे दरें व शर्ते आदि होगी, जो कि ई–निविदा के प्रथम भाग मे प्राप्त प्रपत्रो की जाँच उपरान्त
आर्नलाइन खोली जायेगी। निविदा की वैधता खुलने की तिथि से 90 दिन होगी।

**1. ई–निविदा संख्या टी0–07/ईटीडी–द्वि0/मु0/24–25 : विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय मुरादाबाद के अंतर्गत 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, अगवानपुर पर स्थापित 110 वोल्ट डी0सी0 एच0बी0एल0 मेक बैटरी चार्जर की रिपेयर कराने का कार्य आदि।**

निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 295.00 (जी0एस0टी0 सहित), धरोहर राशि रू0 1000.00 (दो हजार रूपये)

निविदाये भाग–प्रथम/द्वितीय निविदा खुलने की तिथि को 13:00 बजे तक www.etender.up.nic.in पर ही भरी जायेगी। निविदा का प्रथम भाग उसी दिन 14:00 बजे (यदि अवकाश हो तो अगले कार्य दिवस मे) निविदादाता/उनके अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष अधोहस्ताक्षरी/उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी एंव द्वितीय भाग ई–निविदा के प्रथम भाग मे प्राप्त प्रपत्रो को सही पाने की दशा मे आर्नलाइन सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। कृपया website www.etender.up.nic.in पर विस्तार से सभी सूचना, विवरण/डाउनलोड तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार हेतु निविदा खुलने की तिथि तक लॉग ऑन करे। निविदाओ को बिना कारण बताये अस्वीकार/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्तक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगा। धरोहर राशि रहित व सशर्त निविदाये स्वीकार नही की जायेगी।

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें।

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय**
**मुरादाबाद।**

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय
उ०प्र०पा०ट्रा०का०लि०, मुरादाबाद

CamScanner